2020

HINDI

(Modern Indian Language)

Full Marks : 100

Pass Marks : 33

Time : Three hours

साधारण निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **छः** खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

खण्ड – क

(गद्य – 28 अंक)

1. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) सरकार व्यक्ति के और राष्ट्र के विकास के ऊपर बैठकर उसे दबाना चाहते हैं । हम इसी विकास के अवरोध को हटाना चाहते हैं, इसी को मुक्त करना चाहते हैं । आतंक से वह काम नहीं होगा । जो शक्ति के मद में उन्मत्त है, असली काम तो उसका मद उतारने और उसमें कर्तव्य-भावना का प्रकाश जगाना है ।

अथवा

P.T.O.

(ख) शासन, समाज या धनिक वर्ग जो महत्ता प्रदान कर दे, उसमें उपयोगिता का थोड़ा-सा अंश भले ही आ जाय, उसमें श्रेष्ठता के अंश की धारणा बनाना भूतकाल की पीढ़ियों का अपमान करने और भविष्य की पीढ़ियों को गुमराह करने जैसा है । पांच मत उधर और पांच इधर से श्रेष्ठता नहीं आती ।

निर्देश : प्रश्न संख्या 2 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या *3* तथा 4 के उत्तर लगभग 30 –30 शब्दों में और प्रश्न संख्या 5 से 7 का उत्तर लगभग 20 – 20 शब्दों में लिखना है।

2. एच० आई० वी० को संचरित होने से रोकने के लिए किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए । 4

3. 'असमीय को आलसी न कहकर आनन्दी ही कहना उचित है ।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए । 3

4. मुक्ना-काङजै कैसे खेला जाता है ? 3

5. एच० आई० वी० की पहचान की जाँच कैसे की जाती है ? 2

6. सबल साहित्य की लाक्षणिकताएँ क्या-क्या हैं ? 2

7. असमीय का जीवन-दर्शन क्या है ? 2

निर्देश : प्रश्न-संख्या 8 से 10 तक के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न संख्या 11 और 12 के उत्तर संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए ।

8. अकेली अवस्था में रहकर सुनन्दा किस अभाव पर आ पहुँचती है ? 1

9. इबोहल सिंह काङजम के अनुसार किसी जाति की पहचान किससे होती है ? 1

10. अज्ञेय का पूरा नाम लिखिए ? 1

11. डब्ल्यू० ए० एफ० की स्थापना कब हुई थी ? 1

    (क) 1985 (ख) 1988

    (ग) 1991 (घ) 1994

12. यूबी लाकपी खेल में प्रत्येक दल में कितने खिलाड़ी होते हैं ? 1

(क) तीन-तीन (ख) पाँच-पाँच

(ग) सात-सात (घ) ग्यारह-ग्यारह

खण्ड – ख

(पद्य : प्राचीन – 7 अंक ; आधुनिक – 15 अंक) = 22 अंक

13. नीचे लिखे पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) यह भविष्य है यानी कि शब्दों की दुनिया में
आने की सहमति । तुमने पहली बार
बीते दिनों की यातना के खिलाफ
मुँह खोला है ।

अथवा

(ख) मैं नवागंतुक हूँ
मेरा सही अपराध है कि
मैं सैनिक के वेश-भूषा में आया हूँ
अगर मैं जन्म की पोशाक में आता
तो वे स्वीकार ही नहीं करते ।

निर्देश : प्रश्न संख्या 14 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 15 तथा 16 के उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखना है ।

14. कवि नागार्जुन कालिदास के प्रति क्या-क्या बातें सच-सच बतलाने के लिए कहता है ? 4

15. 'आगे बढ़ते जाना मेरे जीवन का व्यापार है ।' इस पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए । 3

16. अब लौं नसानी अब न नसैहौं ।

राम कृपा भव-निसा सिरानी जागे फिर न डसैहौं ॥

- इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए । 3

निर्देश : प्रश्न-संख्या 17 का उत्तर लगभग 20 शब्दों में तथा 18 और 19 के उत्तर एक-एक वाक्य में और प्रश्न संख्या 20 का सही उत्तर संभावित विकल्पों में से चुनकर लिखिए

17. रहीम ने किस प्रकार के जल को श्रेष्ठ कहा है ? और क्यों कहा है ? 1+1 = 2

18. कवि तुलसीदास ने किसको पतित पावक कहा है ? 1

19. 'रहीम' का पूरा नाम लिखिए । 1

20. 'फुटपाथ' कविता के कवि हैं : 1

(क) पवित्र मुखोपाध्याय (ख) थाङजम इबोपिशक सिंह

(ग) इबोहल सिंह काङजम (घ) रामकृष्ण पांडेय

खण्ड – ग

(पूरक – पाठ्यपुस्तक – 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 21 और 22 के उत्तर लगभग 40 – 40 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 23 और 24 के उत्तर लगभग 20 – 20 लिखिए ।

21. मानव के दुर्भाग्य और दुःख का दोष विज्ञान पर न देकर मानव पर क्यों देता है ? 4

22. पुराणकालीन भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । 4

23. नौकरी छूट जाने पर घर आते समय विजयकृष्ण ने क्या सोचा ? लिखिए । 2

24. वैज्ञानिक अविष्कार किन-किन पर आश्रित है ? 2

निर्देश : प्रश्न-संख्या 25 और 26 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 27 का सही उत्तर संभावित विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।

25. त्रिवेणी ने अपनी माँ से पैसा क्यों माँगा ? 1

26. त्रिपिटक क्या है ? 1

27. 'विधाता' पाठ का रचनाकार है – 1

(क) एस० लोकेन्द्र शर्मा (ख) इबोहल सिंह काङजम

(ग) विनोद शंकर व्यास (घ) एस० लनचेनबा मीतै

खण्ड – घ

(वाचन – 10 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 28 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 29 से 31 तक के उत्तर लगभग 20 –20 शब्दों में और प्रश्न-संख्या 32 का उत्तर एक वाक्य में लिखना है ।

28. अलंकार किसे कहते हैं ? शब्दालंकार और अर्थालंकार के अन्तर को लिखिए । 1+2 = 3

29. सोरठा छंद का लक्षण सोदाहरण लिखिए । 2

30. उपमा अलंकार किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2

31. बरवै छंद का लक्षण सोदाहरण लिखिए । 2

32. गीतिका छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ? 1

खण्ड – ङ

(वाचन – 10 अंक)

33. मान लीजिए कि आप 'भाष्कर' दैनिक समाचार पत्र का रिपोर्टर हैं । इस वर्ष मणिपुर में कम वर्षा होने के कारण खेती का काम ठीक से नहीं हो पाया है । इस संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कर आप के अखबार में छपवाइए । 5

34. मान लीजिए कि आप 'क. ख. ग.' विद्यालय के सचिव हैं । आपके विद्यालय में एक हिन्दी अध्यापक कशा पद खाली हो गया है । इस पद के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए । 5

खण्ड – च

(व्याकरण – 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 35 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 36 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में एवं प्रश्न-संख्या 37 और 38 के उत्तर लगभल 20 –20 शब्दों में और प्रश्न-संख्या 39 से 42 तक के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए ।

35. समास किसे कहते हैं ? समास और संधि के अन्तर को सोदाहरण समझाइए । 2+2 = 4

36. तद्भव शब्द का तत्सम शब्द से क्या संबंध है ? सोदाहरण लिखिए । 3

37. स्वर संधि किसे कहते हैं ? सोदाहरण समझाइए । 2

38. 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए एक वाक्य बनाइए । 1+1 = 2

39. 'बन्दर क्या जाने अदरक का स्वाद' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

40. 'मोहन के चले जाने से श्याम उदास हो गया ।' 1

– इस सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए ।

41. 'यद्यपि मोहन धनी है, तथापि बहुत दुःखी है ।' 1

– इस मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए ।

42. श्रीकृष्ण ने सुदामा का कष्ट सुना और अति दुखित हुए । 1

– इस संयुक्त वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए ।